# पटना विश्वविद्यालय

अधिसूचना

पटना विश्वविद्यालय के बैचलर इन फाईन आर्ट्स (बी० एफ० ए०), सत्र–2025–29 कोर्स मे नामांकन हेतु पहली मेधा सूची 02 अगस्त, 2025 को जारी की जाएगी। जिन आवेदकों का मेरिट लिस्ट मे नाम है वे निम्नलिखित दिशा–निर्देश का अनुपालन करें–

जिन आवेदकों (छात्र / छात्रा) का नाम मेधा–सूची में है वे इसे विश्वविद्यालय के वेबसाइट-**wwwwwwpup.ac.in** पर अपने लॉगइन आई डी एवं पासवर्ड की मदद से देख सकेंगे।

अलॉटमेन्ट लेटर में अंकित नामांकन शुल्क जमा करेंगे।

फी पेमेन्ट के बाद अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप एवं आवेदन पत्र डाउनलोड करें।

उपरोक्त तीनों कागजात (अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप, आवेदन पत्र) के साथ अपना चार पासपोर्ट साईज फोटो, सभी मूल प्रमाण–पत्र (सभी मूल प्रमाण–पत्र का एक छाया प्रति भी ले जाएँ) सहित कला एवं शिल्प महाविद्यालय समय पर पहुँच कर नामांकन कराएँ।

दिनांक 05 से 07 अगस्त के बीच प्रथम मेधा सूची में चयनित छात्रों के काउंसेलिंग और नामांकन की प्रकिया पूर्ण की जाएगी।

रिक्त सीट रहने पर नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची दिनांक 11 अगस्त, 2025 को जारी की जाएगी जिसकी काउंसेलिंग और एडमिशन की प्रकिया 13 एवं 14 अगस्त, 2025 के बीच संपन्न होगी।

काउंसेलिंग का समय प्रातः 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक है।

सभी चयनित आवेदकों को निर्धारित तिथि और समयावधि में ही अपना नामांकन करवाना होगा। जो छात्र / छात्राएँ काउंसेलिंग हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होंगे, अगले राउंड के लिए उनकी दावेदारी स्वतः समाप्त हो जाएगी।

बी० एफ० ए० कोर्स में नामांकित छात्रों का इंडक्शन मीट 20 अगस्त, 2025 को कला एवं शिल्प महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

प्रधानाचार्या, कला एवं शिल्प महाविद्यालय प्रतिदिन किए गए **validation** का प्रतिवेदन प्रो० रजनीश कुमार, नामांकन प्रभारी, को संकायाध्यक्ष कार्यालय में अपराहन मे देंगी।

काउंसेलिंग / नामांकन के लिए प्रधानाचार्या को **validation** के लिए लिंक भेजा जाएगा। **validation** के बाद **provisionally admitted** का पत्र कॉलेज से उसी समय प्राप्त कर लेंगे।

कुलपति के आदेश से

02/08/25

कुलसचिव

पटना विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञाप संख्या– Adm/1078 दिनांक 02-08-25

प्रतिलिपि–1 सभी संकायों के अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, 2. सभी स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, 3. सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, पटना विश्वविद्यालय, 4. सभी संस्थानों के निदेशक, पटना विश्वविद्यालय, 5. सभी पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 6. प्रोफेसर इन चार्ज, आई क्यू ए सी सेल, पटना विश्वविद्यालय (को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु) 7. प्रोफेसर इन चार्ज, आई टी सेल, पटना विश्वविद्यालय, 8. नामांकन कार्य कर रही ऑटोमेशन एजेंसी, 9. सभी प्रशाखा पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 10. निजि सहायक, कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, 11. निजि सहायक, कुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय, 12. निजि सहायक, उपकुलसचिव पटना विश्वविद्यालय, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02/08/25

कुलसचिव

पटना विश्वविद्यालय, पटना।

02/08/25